offices under Deptt, of POsts indicating! date and time of delivery;

(b) if so, what are the details there of;

(c) whether .some norms also exist authorising certain staff of Delivery Office to check the affixing of Delivery i Postal seal before handing over the mails to respective area Postmen for delivery;

(d) if so, details thereof and if not, reasons for such slackness;

(e) whether Government are aware that delivery of mails in certain localities like South Avenue, North Avenue, Shalimar Bagh, Lawrence Road and Ashok Vihar in Delhi is being done without fixing Delivery seals for the last five years; and

it) if so, what action is proposed to be taken to ensure safe and timely delivery of mails to public?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI SUKH RAM): (a) and (b) According to existing instructions, postal articles are to be impressed with the date stamp of the Post Office of delivery, showing the date of delivery.

(c) Yes, Sir.

(d) The sorting clerk/head sorter is required tinder the rules to pay constant and Vigilant attention to the Stamping of Postal articles,

(e) Postal articles delivered in localities like South Avenue, North Avenue, Shalimar Bagh, Lawrence Road and Ashok Vihar are duly impressed with date stamp. It is, however, possible that at times some articles are not im-
* pressed /with date stamp to oversight.

(f) Instructions already exist and are 1B general followed regarding affixing of delivery Stamps and to ensuue safe/ timely delivery.

दूरसंचार विभाग में हिन्दी अनुवादकों के पद

835. **श्री जगदीश प्रसाद माथुर :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दूरसंचार विभाग में हिन्दी अनुवादकों की अब भी तीन श्रेणियां बनी हुई हैं जबकि केन्द्रीय सरकार के अनेक विभागों में इसकी केवल दो श्रेणियां हैं ;

(ख) समान काम के लिए समान वेतन के मूल सिद्धांत की दूरसंचार विभाग में अब तक अवहेलना किये जाने के क्या कारण हैं ;

(ग) क्या इन अनुवादकों के मामले में केवल प्रथम और द्वितीय श्रेणी के पदों को रखे जाने के लिए निदेशक, राजभाषा, दूरसंचार आयोग ने भी सिफारिश की है; और

(घ) तृतीय श्रेणी के पदों को समाप्त कर संबंधित कर्मचारियों को द्वितीय श्रेणी देने संबंधी कार्यवाही कब तक पूरी हो जाने की संभावना है ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) जी, हां ।

(ख) विभिन्न स्तरों पर विभागीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, दूरसंचार विभाग में लम्बे समय से हिन्दी अनुवादकों के तीन ग्रेड, तथा, ग्रेड–I, ग्रेड–II और ग्रेड–III मौजूद हैं । ग्रेड–III के लिए निर्धारित प्रवेश योग्यता अन्य दो ग्रेडों से भिन्न है । अत: समान कार्य के लिए समान वेतन के सिद्धांत की अवहेलना नहीं की गई है ।

(ग) जी. हां ।

(घ) ऊपर (ख) भाग के उत्तर को ध्यान में रखते हुए, प्रश्न नहीं उठता ।